बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि०
Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.
पश्चिमी बोरिंग कैनाल रोड / West Boring Canal Road, पटना / Patna - 800 001, दूरभाष / Phone :- 0612 -2558412,
ईमेल / E-mail : mdbuidco@gmail.com, website: http://buidco.in
ISO 9001:2008,14001:2004

## ॥ कार्यालय आदेश ॥

संख्या – बुडको / 39, दिनांक 20/5/24

बुडको/विविध–551/2024

मॉनसून–2024 की अवधि में पटना शहर एवं आस–पास के नगरीय क्षेत्रों से त्वरित जल निकासी हेतु की जा रही तैयारियों के क्रम में बुडको के महत्वपूर्ण दायित्व निम्नलिखित हैं –

1. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों पर स्थापित मोटर / पंप / ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरणों की मरम्मति तथा उनका टेस्ट एवं रन कराकर मॉनसून के लिए बिल्कुल तैयार स्थिति में रखना।
2. सुचारू रूप से संचालन तथा तकनीकी खराबी होने की स्थिति में त्वरित गति से उनकी मरम्मति के लिए सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन पर ही आवश्यक मानव बल / औजार / मोबिल / ग्रीस / बैट्री / डीजल इत्यादि का पर्याप्त भंडारण करना एवं मरम्मति कराकर संचालन करना।
3. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों पर पर्याप्त पेय जलापूर्ति / रोशनी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करना। महत्वपूर्ण पंपिंग स्टेशनों पर जेनरेटर के माध्यम से रोशनी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करना।
4. विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में DG सेट एवं डीजल चालित पंप सेटों को तुरन्त संचालित किया जाना।
5. सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों का लगातार पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण के लिए विभिन्न स्तर के अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति।
6. पंप / मोटर / ट्रांसफार्मर एवं अन्य उपकरणों की मरम्मति हेतु निजी वर्कशॉप / मरम्मतिकर्त्ता तथा डीजल की आपूर्ति हेतु पेट्रोल पम्प को चिन्हित कर सूचीबद्ध करना।
7. ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों के सम्प की नियमित सफाई, ग्रेटिंग की नियमित सफाई तथा इनलेट एवं आउटलेट नाला के माध्यम से सुचारू रूप से जल प्रवाह को सुनश्चित करना।
8. पटना नगर निगम के नगर आयुक्त एवं कार्यपालक पदाधिकारियों तथा दानापुर, फुलवारी एवं खगौल के कार्यपालक पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इनलेट एवं आउटलेट चैनल में नियमित जल प्रवाह सुनिश्चित कराना तथा ग्रेटिंग के बाहर की नियमित सफाई कराना।
9. साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड / पेसु के पदाधिकारी से निरंतर समन्वय रखना ताकि ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के लिए नियमित विद्युत प्रवाह में कोई अवरोध न हो तथा किसी प्रकार की कठिनाई होने पर उनसे संपर्क स्थापित कर अवरोध को दूर कराना।
10. समय–समय पर दिए गए अन्य निदेशों का अनुपालन कराना।

संपूर्ण मानसून अवधि में सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों एवं अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशनों के सुचारू रूप से संचालन कार्य के सतत् पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु विभिन्न स्तर के अभियंताओं की निम्नवत प्रतिनियुक्त की जाती है –

| | | |
|---|---|---|
| **A - SUPER ZONAL स्तर पर –** | | |
| a - | **प्रथम जोन–** अजीमाबाद अंचल, कंकड़बाग अंचल एवं बांकीपुर अंचल तथा खानपुर, बरमुत्ता अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन | **श्री शंकर दयाल शुक्ला, मुख्य महाप्रबंधक, बुडको, पटना।** |
| b - | **द्वितीय जोन–** पाटलीपुत्रा अंचल, नूतन राजधानी अंचल एवं पटना पश्चिमी क्षेत्र (दानापुर, खगौल, फुलवारीशरफ नगर निकाय क्षेत्र) | |
| **B - ZONAL स्तर पर –** | | |
| a - | पाटलीपुत्रा अंचल एवं पटना पश्चिमी क्षेत्र | **श्री रत्नेश कुमार रमण,, महाप्रबंधक(असैनिक) उत्तर एवं दक्षिण बिहार उपभाग, बुडको, पटना।** |
| b - | बांकीपुर अंचल एवं अजीमाबाद अंचल | **श्री सुर्दशन प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक(यांत्रिक) बुडको, पटना।** |
| c - | कंकड़बाग अंचल एवं नूतन राजधानी अंचल – | |
| **C - SUB ZONAL स्तर पर –** | | |
| a - | **अजीमाबाद अंचल –** | |
| | i- सभी स्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन | **श्री उमेश कुमार सिंह,** कार्यपालक अभियंता(यांत्रिक) बुडको, पटना। |
| | पप. सभी अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं ट्रॉली माउंटेड पंप के संचालन से संबंधित। | |
| b - | **कंकड़बाग अंचल –** | |
| | i- सभी स्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन | **श्री सुभाष कुमार श्रीहर्ष**, परियोजना निदेशक (असैनिक) बुडको, पटना। |
| | पप. सभी अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं ट्रॉली माउंटेड पंप के संचालन से संबंधित। | |
| c - | **बांकीपुर अंचल –** | |
| | i- सभी स्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन | **श्री मुरलीधर प्रसाद**, परियोजना निदेशक(असैनिक) बुडको, पटना। |
| | पप. सभी अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं ट्रॉली माउंटेड पंप के संचालन से संबंधित। | |
| d - | **पाटलीपुत्रा अंचल –** | |
| | i- सभी स्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन | **श्री अशोक कुमार सिंह,** परियोजना निदेशक(असैनिक) बुडको, पटना। |
| | पप. सभी अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं ट्रॉली माउंटेड पंप के संचालन से संबंधित। | |
| e - | **नूतन राजधानी अंचल –** | |
| | i- सभी स्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन | **मो0 अबुल कलाम आजाद,** परियोजना निदेशक(असैनिक) बुडको, पटना। |
| | पप. सभी अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं ट्रॉली माउंटेड पंप के संचालन से संबंधित। | |

| | | |
|---|---|---|
| f - | पटना पश्चिमी क्षेत्र – | |
| | i- सभी अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं ट्रॉली माउंटेड पंप के संचालन से संबंधित। | **श्री मुरलीधर प्रसाद**, परियोजना निदेशक(असैनिक) बुडको, पटना। |

सभी प्रतिनियुक्त अभियंता ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन के संचालन से संबंधित किसी भी प्रकार की खराबी की सूचना/Feedback आवश्यकतानुसार मुख्य महाप्रबंधक, बुडको, पटना मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष एवं Whatsapp Group पर देगें। इसके साथ–साथ परियोजना निदेशक/कार्यपालक अभियंता(यां0) एवं संबंधित उप परियोजना निदेशक(यां0) से त्वरित समन्य स्थापित कर खराबी एवं व्यवधानों को दूर कराते हुए त्वरित जल निकासी करायेगें।

पर्यवेक्षी पदाधिकारी द्वारा सभी स्थायी/अस्थायी ड्रेनेज पंम्पिग स्टेशनों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किये जाने के उपरांत सप्तांहत में उनसे प्राप्त प्रतिवेदनों का मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक (असैनिक) जलापूर्ति ड्रेनेज एवं सिवरेज, बुडको, पटना एवं परियोजना निदेशक/कार्यपालक अभियंता(यां0), कार्य प्रमंडल, मलाही पकड़ी, पटना बिन्दुवार समीक्षा करेगें साथ ही समीक्षोपरांत आवश्यकतानुसार कठिनाई/समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने की कार्रवाई करेगें।

परियोजना निदेशक/कार्यपालक अभियंता(यां0) कार्य प्रमंडल, मलाही पकड़ी, बुडको, पटना लगातार, महाप्रबंधक(असैनिक) जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सिवरेज एवं महाप्रबंधक (असैनिक) दक्षिण बिहार उपभाग, पटना, सभी अभियंताओं के सम्पर्क में रहेगें तथा किसी भी प्रकार की कठिनाई/समस्या को त्वरित निराकरण कराना सुनिश्चित करायेगें।

उपरोक्त सभी कार्य के लिए मुख्य रूप से महाप्रबंधक(असैनिक) जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सिवरेज तथा महाप्रबंधक (असैनिक) दक्षिण बिहार उपभाग, पटना एवं परियोजना निदेशक/कार्यपालक अभियंता(यां0) कार्य प्रमंडल, मलाही पकड़ी, बुडको, पटना उत्तरदायी होगें।

प्रतिनियुक्त सभी अभियंता संपूर्ण मानसून अवधि में नियमित रूप से कार्य क्षेत्र पर भ्रमणशील रहेंगे एवं समय–समय पर अपने क्षेत्रांतर्गत सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण करेंगे तथा तत्संबंधी प्रतिवेदन महाप्रबंधक(असैनिक) जलापूर्ति ड्रेनेज एवं सिवरेज, बुडको, पटना को समर्पित करेंगे। इस अवधि में वर्षापात के समय एवं इसके पश्चात् अनिवार्यतः क्षेत्र भ्रमण कर इन सभी ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन एवं अस्थाई ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण कर त्वरित जल निकासी करायेंगे। इस क्रम में किसी भी स्तर पर कार्य में शिथिलता अथवा लापरवाही बरते जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित कर संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हेतु अनुशंसित कर दिया जायेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

20/5/24

**प्रबंध निदेशक,**
बुडको, पटना

ज्ञापांक– 1795 दिनांक– 20/5/24

**प्रतिलिपि**– सभी प्रतिनियुक्त अभियंताओं को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

20/5/24
**प्रबंध निदेशक**

ज्ञापांक– 1795 दिनांक– 20/5/24

**प्रतिलिपि**– मुख्य महाप्रबंधक/ महाप्रबंधक(असैनिक) जलापूर्ति ड्रेनेज एवं सिवरेज, बुडको, पटना/ महाप्रबंधक (असैनिक) दक्षिण बिहार उपभाग/महाप्रबंधक(यां0)/सभी परियोजना निदेशक/कार्यपालक अभियंता/प्रबंध निदेशक कोषांग, बुडको, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/5/24
**प्रबंध निदेशक**

ज्ञापांक–                                  दिनांक–

**प्रतिलिपि**– नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक

ज्ञापांक–                                  दिनांक–

**प्रतिलिपि**–प्रधान सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रेषित।

प्रबंध निदेशक